एक नजर में

17 श्रद्धालु चार धाम यात्रा पूर्ण कर लौटे



खिलचीपुर 09 जून, सं. पिपल्याकलां निवासी रामगोपाल राठौर मारसाब सहित गांव के 17 लोग चारधाम यात्रा पूर्ण कर रविवार रात सकुशल अपने गांव लौटे . गांव पहुंचने पर परिवारजनों, मित्रों, समाजजनों ने फुलमालाएं पहनाकर डीजे के साथ आतिशबाजी करते हुए गर्मजोशी से उनका स्वागत किया . श्रद्धालु करीब 30 दिन की यात्रा पर जम्मू कश्मीर स्थित वैष्णोदेवी और उत्तराखंड स्थित बद्रीनाथ, केदारनाथ, गंगोत्री और यमुनोत्री धाम गए थे . रामनिवास राठौर मारसाब ने बताया कि कठिन रास्तों और चुनौतियों के बावजूद यात्रा अत्यंत श्रद्धा और उत्साह के साथ पूर्ण हुई .

मऊ में मनाया बिरसा मुंडा शहादत दिवस

पडाना 09 जून, सं. साहस ओर शौर्य के प्रतीक महान स्वतंत्रता सेनानी, आदिवासी समाज के गौरव, जननायक और क्रांतिकारी योद्धा भगवान बिरसा मुंडा जी के बलिदान दिवस पर उन्हें कोटि-कोटि नमन एवं भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की गई . वे अल्पायु में ही अंग्रेजी शासन, शोषण और अन्याय के विरुद्ध संघर्ष का बिगुल फूंकने वाले भगवान बिरसा मुंडा जी ने जल, जंगल और ज़मीन पर आदिवासी समाज के अधिकारों की रक्षा के लिए अपना सर्वस्व समर्पित कर दिया . उनका जीवन साहस, स्वाभिमान, सामाजिक न्याय और जनसेवा का अद्भुत प्रतीक है . उन्होंने केवल स्वतंत्रता की लड़ाई नहीं लड़ी, बल्कि आदिवासी समाज में आत्मसम्मान, एकता और अपने अधिकारों के प्रति जागरूकता की अलख भी जगाई . अबुआ दिशुम, अबुआ राज का संदेश देने वाले महानायक, धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा जी को शत-शत नमन एवं भावपूर्ण श्रद्धांजलि . इस अवसर पर ग्राम पंचायत सरपंच रईस मंसूरी, जगदीश भिलाला, दिनेश भिलाला, सतीश भिलाला, अनिल भिलाला, सोनू भिलाला, शिव भिलाला, संतोष पुष्पद उपस्थित रहे .

भावांतर योजना को लेकर कलेक्टर से गुहार

पडाना 09 जून, सं. मंगलवार को आयोजित जनसुनवाई में सारंगपुर तहसील के ग्राम मऊ से पहुंचे एक किसान ने सोयाबीन भावांतर योजना की राशि न मिलने की शिकायत की . किसान ने कलेक्टर को आवेदन सौंपकर राशि शीघ्र दिलाने की मांग की . किसान राम सिंह राजपूत ने बताया कि उन्होंने वर्ष 2025-26 में सोयाबीन फसल का पंजीयन समय पर कराया था . इसके बावजूद भावांतर योजना का भुगतान अब तक उनके खाते में नहीं आया है . राशि अटके होने के कारण उन्हें खेती के साथ-साथ परिवार का खर्च चलाने में भी परेशानी हो रही है . आवेदन में किसान ने प्रशासन से मांग की है कि उनके प्रकरण की जांच कर भावांतर योजना की लम्बित राशि जल्द उनके बैंक खाते में जमा कराई जाए . किसान ने कहा कि समय पर भुगतान न होने से उन्हें आर्थिक संकट का सामना करना पड़ रहा .

दर्जनों किसानों को बैंक वसूली के नोटिस से हड़कंप

किसान कांग्रेस ने कहा नोटिस देने वाली निजी वसूली कंपनी ब्लैक लिस्टेड, तहसील कार्यालय की फर्जी सील लगाई

बैंक रिकवरी के लिए वसूली एजेंसी ने तहसीलदार ऑफिसर के नाम से नोटिस किसान कांग्रेस ने की कलेक्टर को शिकायत, नोटिस के फर्जी होने के आरोप





नवभारत न्यूज

राजगढ़ 09 जून, का. जिले के दर्जनों किसानों को बैंक वूसली प्रकरणों के नाम से नोटिस मिलने से हड़कंप मच गया है. मामले में किसानों की शिकायत के बाद किसान कांग्रेस ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा है जिसमें सभी नोटिस को फर्जी बताया जा रहा है. किसान कांग्रेस का आरोप है कि निजी वसूली एजेंसी ने गलत तरीके से नोटिस बनाकर किसानों को भेजे है.

वहीं मामले में किसान कांग्रेस के अनुसार तहसील कार्यालय ने इन सभी नोटिस पर लगी सील को अपने कार्यालय से जारी होने की पुष्टि नहीं की है.

जानकारी के अनुसार ब्यावरा तहसील के दर्जनों किसानों को पंजाब नेशनल बैंक के हवाले से आरआरसी नोटिस जारी किए गए है. ये नोटिस ऋण वसूली के संबंध में है जिसमें राशि जमा नहीं करने पर नीलामी की कार्यवाही की चेतावनी दी गई है. नोटिस पर वसूली की तिथि 1 जून तक की स्थिति में दर्शाई गई है. अब कई किसान ये नोटिस लेकर बैंकों के पास पहुंच रहे है. वहीं बैंक द्वारा इस मामले में रिकवरी एजेंसी से सम्पर्क करने की बात कही जा रही है.

किसान कांग्रेस द्वारा उपलब्ध कराई गई जानकारी एवं नोटिस के अनुसार ब्यावरा तहसील के ग्राम सिंगापुर, खजुरिया, ग्राम निवानिया में किसानों को पंजाब नेशनल बैंक के हवाले से करीब 2 लाख रूपए से अधिक की राशि के आरआरसी नोटिस जारी किए गए है. ऐसे में वसूली के इन नोटिस के विरोध में किसान कांग्रेस सामने आई है.

किसान कांग्रेस करेगी आंदोलन

मामले में किसान कांग्रेस के जिलाध्यक्ष केशर सिंह तंवर ने बताया कि उन्होंने मंगलवार को जिला कलेक्टर डॉ गिरीश कुमार मिश्र को आवेदन दिया है जिसमें पूरे मामले से अवगत कराया गया है. वहीं जिला पुलिस अधीक्षक से भी आवेदन देकर जांच की मांग की जाएगी. उन्होंने बताया कि ब्यावरा और सुठालिया तहसील के किसानों के पास इस प्रकार के नोटिस पहुंचे है. भू राजस्व संहिता की धारा 146 के अधीन भेजे गए नोटिस में संपत्ति कुर्की की चेतावनी है जिसे लेकर किसान परेशान हो रहे है. किसान कांग्रेस ने आरोप लगाया है कि तहसीलदार कार्यालय ने नोटिस पर लगी सील उनके विभाग द्वारा जारी करने से मना किया है. मामले में किसानों को वसूली का दबाव बनाया जा रहा है. यदि जांच और कार्यवाही नहीं होती है तो किसान कांग्रेस दर्जनों पीड़ित किसानों के साथ मिलकर आंदोलन करेगी.

नोटिस में 11 जून को पेशी की लाल सील

किसानों को मिले नोटिस में आगामी 11 जून को पेशी की तिथि लाल रंग की बड़ी सील के साथ अंकित है. उक्त नोटिस की भाषा से भी किसानों में हड़कंप है. नोटिस में साफ तौर पर कहा गया है कि नोटिस जारी होने के 7 दिवस के भीतर राशि जमा की जाए. बकाया राशि जमा नहीं करने की स्थिति में घर पर नोटिस चस्पा किए जाएंगे. वहीं नोटिस प्रथम पेशी के लिए भेजे गए है. वहीं तहसील कार्यालय में वसूली शिविर की जानकारी दी गई है. इस मामले में अभी तहसील कार्यालयों से किसी प्रकार की पुष्टि नहीं की गई है.

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष से मिला प्रतिनिधि मंडल

सारंगपुर 09 जून, सं. प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी से सोमवार को सारंगपुर विधानसभा के कांग्रेस पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं का एक प्रतिनिधिमंडल ने वरिष्ठ कांग्रेस नेता प्रदीप जैन के नेतृत्व में विशेष भेंट की. इस मुलाकात के दौरान क्षेत्र की विभिन्न जनसमस्याओं और आगामी संगठनात्मक रूपरेखा पर विस्तृत चर्चा हुई. मुलाकात के दौरान प्रतिनिधिमंडल ने जीतू पटवारी को सारंगपुर क्षेत्र की वर्तमान राजनीतिक स्थिति, बिजली-पानी के संकट और स्थानीय प्रशासनिक उदासीनता से अवगत कराया. कार्यकर्ताओं ने बताया कि क्षेत्र की जनता मूलभूत सुविधाओं के लिए परेशान हो रही है. जिसे लेकर कांग्रेस सड़क पर उतरकर लडाई लड़ने को तैयार है. प्रदेश अध्यक्ष ने सभी कार्यकर्ताओं की बातें गंभीरता से सुनीं और उन्हें एकजुट होकर जनता के हक के लिए संघर्ष करने तथा बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत करने के निर्देश दिए. इस दौरान वरिष्ठ नेता प्रदीप जैन, महेश खाती, दिनेश पुरी गोस्वामी, सुनील वर्मा, हेमराज भिलाला, सुनील बाफना सहित अन्य लोग मौजूद थे.

सभी किसानों को मिले समान अधिकार : लक्ष्मण सिंह

किसानों एक समान चार गुना मुआवजा दे सरकार

नवभारत न्यूज

सुठालिया 09 जून, सं. सुठालिया सिंचाई परियोजना से प्रभावित किसानों की समस्याओं को जानने एवं उनकी मांगों को सुनने के लिए पूर्व सांसद लक्ष्मण सिंह ने डैम प्रभावित ग्राम रघुनाथपुरा पहुंचे.

इस दौरान उन्होंने प्रभावित किसानों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याओं से रूबरू होते हुए परियोजना से जुड़े विभिन्न मुद्दों की जानकारी ली.

किसानों को संबोधित करते हुए लक्ष्मण सिंह ने कहा कि मध्य प्रदेश में संभवत: यह पहला ऐसा सिंचाई परियोजना क्षेत्र है जहां प्रभावित किसानों को दो अलग-अलग प्रकार का मुआवजा दिया जा रहा है. कुछ किसानों को भूमि अधिग्रहण के बदले चार गुना मुआवजा दिया गया है. जबकि अनेक किसानों को मात्र दो गुना मुआवजा मिला है. इससे प्रभावित किसानों के बीच असमानता एवं अन्याय की स्थिति उत्पन्न हुई है.

उन्होंने कहा कि यदि शासन सभी किसानों को चार गुना मुआवजा देने में असमर्थ है तो जिन किसानों को केवल दो गुना मुआवजा मिला है. उन्हें उपलब्ध सरकारी भूमि में से समान मूल्य की कृषि भूमि प्रदान की जानी चाहिए. अन्यथा सभी प्रभावित किसानों को एक समान चार गुना मुआवजा देकर न्याय सुनिश्चित किया जाना चाहिए.पूर्व सांसद ने कहा कि सरकार को किसानों की समस्याओं पर सहानुभूतिपूर्वक पुनर्विचार करने की आवश्यकता है. डैम निर्माण के कारण अनेक किसान भूमिहीन और बेरोजगार हो गए हैं. ऐसे में उनकी आजीविका का संकट गहरा गया है. यदि सरकार किसानों की जायज मांगों को नहीं सुनेगी तो किसानों के पास आंदोलन का रास्ता अपनाने के अलावा कोई विकल्प नहीं बचेगा.

उन्होंने बताया कि इस संबंध में उन्होंने गुना कलेक्टर से भी समय मांगा है ताकि प्रभावित किसानों के प्रतिनिधियों के साथ विस्तृत चर्चा कर समाधान का मार्ग निकाला जा सके. वे ग्राम कादीखेड़ा पहुंचे जहां उन्होंने मनोहर लोधी के निवास पर पहुंचकर उनके 14 वर्षीय पुत्र विशाल लोधी के आकस्मिक निधन पर गहरा दु:ख व्यक्त किया.

विद्यार्थियों के बीच पहुंचा महाविद्यालय

राजगढ़ 09 जून, का. कॉलेज चलो अभियान के अंतर्गत प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय राजगढ़ द्वारा खुजनेर क्षेत्र में विद्यार्थियों एवं अभिभावकों को उच्च शिक्षा के प्रति जागरूक करने हेतु विशेष जनसंपर्क एवं जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया . यह कार्यक्रम महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ . वी .बी . खरे के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में तथा अभियान की नोडल अधिकारी डॉ . आभा आनंद के नेतृत्व में संपन्न हुआ . अभियान के दौरान खुजनेर बस स्टैंड पर जागरूकता रैली निकाली गई . रैली में विद्यार्थियों एवं नागरिकों को उच्च शिक्षा के महत्व से अवगत कराते हुए प्रेरक नारे लगाए गए . कार्यक्रम में डॉ . दिनेश कुमार मालवीय द्वारा विद्यार्थियों को महाविद्यालय में संचालित स्नातक एवं स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों, छात्रवृत्ति योजनाओं, पुस्तकालय, खेल सुविधाओं, रोजगारोन्मुखी पाठ्यक्रमों तथा शासन की विभिन्न छात्र हितैषी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी .

किसानों को दिए फसल संरक्षण के महत्वपूर्ण सुझाव

नवभारत न्यूज

राजगढ़ 09 जून, का. विकासखंड नरसिंहगढ़ की ग्राम पंचायत मंडावर में आयोजित खेत बचाओ अभियान कार्यक्रम में किसानों को खरीफ फसलों के बेहतर प्रबंधन, कीट एवं रोग नियंत्रण तथा दलहनी फसलों के उत्पादन बढ़ाने संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की गई. कार्यक्रम में भारत सरकार के दलहन विकास निदेशालय से आए डॉ. अर्जुन कुमार शिवहरे तथा कृषि विज्ञान केंद्र राजगढ़ के डॉ. कौशिक ने किसानों को फसलों में प्रारंभिक अवस्था से ही रोग एवं कीट प्रबंधन अपनाने, संतुलित उर्वरक उपयोग करने तथा मौसम आधारित कृषि कार्यों पर विशेष ध्यान देने की सलाह दी. विशेषज्ञों ने किसानों को दलहनी फसलों की उन्नत खेती, बीज उपचार, जैविक एवं रासायनिक नियंत्रण

उपायों तथा फसल संरक्षण तकनीकों की जानकारी देते हुए बताया कि समय पर उचित प्रबंधन से फसलों को नुकसान से बचाया जा सकता है और उत्पादन में वृद्धि की जा सकती है. कार्यक्रम के दौरान किसानों ने कृषि संबंधी विभिन्न समस्याओं और जिज्ञासाओं को विशेषज्ञों के समक्ष रखा, जिनका समाधान वैज्ञानिक दृष्टिकोण से किया गया.

बच्चों के बीच एलएनटी कंपनी का स्थापना दिवस मनाया

विद्यार्थियों को वितरित किए गए स्कूल बैग

नवभारत न्यूज

जीरापुर 09 जून, सं. एल एन टी कंपनी का स्थापना दिवस उत्साहपूर्वक मनाया गया. मुख्य अतिथि बीईओ रामबाबू पाटीदार, बीआरसी गजेंद्र शर्मा, प्राचार्य देवेंद्र शर्मा, जनशिक्षक बालचंद्र सिगंला, सेवानिवृत्त शिक्षक दिनेश गुप्ता का शाल श्री फल साफा पहना कर सम्मान किया.

कार्यक्रम की अध्यक्षता एलएनटी कम्पनी उमेश सिंह ने की. इस अवसर पर मेनेजर उत्कृष्ट गुप्ता, मेनेजर दिलीप सिंह, अभिनव गौतम द्वारा एलएनटी कम्पनी के सहयोग से विद्यालय के 51 छात्र-छात्राओं को स्कूल बैग, पेंसिल, कटर, रबर एवं कॉपियों का वितरण किया गया.

अतिथियों ने विद्यार्थियों को शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डालते

हुए नियमित अध्ययन एवं अनुशासन का संदेश दिया. कार्यक्रम में शिव सिंह कुशवाह, भंवरलाल वर्मा, अशोक राठौर, अनीता मालवीय, रमेश मालवीय, देवेंद्र जोशी, कौशल्या मालवीय, संजय जोशी, जितेंद्र मालवीय ने किया. इस अवसर पर शिक्षकगण, विद्यार्थी एवं ग्रामीणजन बड़ी संख्या में उपस्थित रहे. अंत में सभी ने पौधारोपण किया.

गोवर्धन नाथ जी की हवेली में भागवत कथा शुरू

जीरापुर. सं. नगर के गोवर्धन नाथ जी की हवेली पर आयोजित श्रीमद् भागवत कथा के प्रथम दिवस कथावाचक पं. कमल बिहारी नागर ने भागवत महात्म्य का वर्णन करते हुए बताया कि भागवत कथा श्रवण से अनेकों कष्टों एवं परेशानियों से छुटकारा मिलता है. और पाप से व्यक्ति को मोक्ष का मार्ग प्राप्त होता है. शुकदेव जी ने राजा परीक्षित को भागवत कथा श्रवण कराकर मोक्ष की प्राप्ति कराई थी. उन्होंने बताया कि भागवत कथा को गणेश जी द्वारा लिखा गया है.

पूजन सामग्री, कचरा द्वारा नदियों को दूषित होने से बचाना होगा

गुर्जर गौड ब्राहम्ण समाज की धर्मशाला में चल रही कथा का समापन

नवभारत न्यूज

ब्यावरा 09 जून, का. गुर्जर गौड ब्राह्मण समाज ट्रस्ट ब्यावर द्वारा आयोजित भागवत कथा जो महर्षि गौतम मांगलिक परिसर में 1 जून से चल रही थी जिसका समापन विगत दिवस हुआ. पंडित कामेश कृष्ण महाराज के मुखारविंद से संगीतमयी भागवत कथा हुई जिसका पुण्य लाभ श्रद्धालु भक्तों ने प्राप्त किया. व्यास से उन्होंने कहा कि नदियों को दूषित होने से बचाना होगा. नदियों में हमें पूजन सामग्री कचरा प्लास्टिक नहीं डालना चाहिए. हम पूजन पाठ करते हैं वह सामग्री हम किसी अन्य स्थान पर डाल सकते हैं. जिस की नदियों को प्रदूषित होने से बचाया जा सके. उन्होंने कहा कि हमें मानव समाज की सेवा के लिए हमेशा तत्पर रहना चाहिए. ऊंच-नीच का छोटे बड़े का भेदभाव त्याग कर संभव के साथ समाज के उत्थान के लिए कार्य करना चाहिए. भागवत कथा में गुर्जर को ब्राह्मण समाज नगर सभा, गुर्जर गोड महिला मंडल एवं नवयुवक मंडल संपूर्ण समाज का प्रत्यक्ष अप्रत्यक्ष रूप से पूर्ण सहयोग प्राप्त हुआ. कथा विश्राम के पश्चात महा प्रसादी श्रद्धालु भक्तों ने लाभ लिया.

राज्य मंत्री से मिला भाजपा का प्रतिनिधि मंडल

नगर विकास को रखा प्राथमिकता से

नवभारत न्यूज

सारंगपुर 09 जून, सं. नगर विकास एवं जनहित से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों को लेकर मंगलवार को राज्यमंत्री गौतम टेटवाल से भोपाल में उनके निवास पर भाजपा पार्षद का प्रतिनिधि मंडल ने मुलाकात कर विस्तृत चर्चा की गई.

चर्चा के दौरान वार्ड क्रमांक 17 में स्कूल बाउंड्री निर्माण, पानी की टंकी एवं विद्युत स्ट्रीट लाइट व्यवस्था, वार्ड क्रमांक 18 में पानी की टंकी एवं टीन शेड निर्माण, वार्ड 10 में विभिन्न विकास कार्यों के साथ ही गोपालपुर क्षेत्र के विकास कार्यों को लेकर विस्तार से विचार-विमर्श किया.

मंत्री श्री टेटवाल ने जनहित से जुड़े इन आवश्यक कार्यों पर सकारात्मक सहमति व्यक्त करते हुए शीघ्र कार्य पूर्ण कराने का आश्वासन दिया. इस अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेता सुधीर श्रीवास्तव एवं गोपाल वैध, पार्षद प्रतिनिधि कुलदीप राठौर सहित अन्य पार्षद उपस्थित थे.

स्वास्थ्य शिविर नरसिंहगढ़, ब्यावरा, राजगढ़ और खिलचीपुर के शिविरों का किया औचक निरीक्षण

एक हजार से अधिक गर्भवती महिलाओं की जांच, दवाईयां दी

सीएमएचओ डॉ . शोभा पटेल ने स्वयं संभाली कमान

नवभारत न्यूज

राजगढ़ 09 जून, का. जिले में मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से मंगलवार को विशेष प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व दिवस का आयोजन किया गया. इस विशेष अभियान की कमान स्वयं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. शोभा पटेल ने संभाली.

स्वास्थ्य विभाग के मैदानी अमले की सक्रियता के चलते जिले भर में रिकॉर्ड 1019 से अधिक गर्भवती महिलाओं ने शिविरों में पहुंचकर अपना पंजीयन कराया और स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ लिया. इस अवसर पर डीसीएम सुनील वर्मा भी मौजूद थे.

सभी प्रकार की हुई जांचे

शिविर में आईं सभी 1019 से अधिक महिलाओं का न केवल पंजीयन किया गया, बल्कि उनकी व्यापक स्वास्थ्य जांचें भी की गईं . अत्याधुनिक मशीनों से महिलाओं की सोनोग्राफी की गई, खून की जांचें, हीमोग्लोबिन, शुगर आदि की गईं और उच्च जोखिम वाली गर्भवती महिलाओं की पहचान की गई . डॉक्टरों द्वारा उचित परामर्श देने के साथ-साथ आवश्यक दवाइयां और उपचार भी मौके पर ही सुनिश्चित किया गया .

14 स्वास्थ्य संस्थाओं में तैनात रहे डॉक्टर

9 जून को आयोजित इस विशेष शिविर के लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा एक दिन पूर्व से ही व्यापक तैयारियां की जा रही थीं. सीएमएचओ डॉ. पटेल ने बताया कि जिले की 14 प्रमुख स्वास्थ्य संस्थाओं पर इन विशेष शिविरों का आयोजन किया गया था. व्यवस्थाओं को पारदर्शी और सुचारू बनाए रखने के लिए प्रत्येक केंद्र पर जांच अधिकारी डॉक्टरों की नामजद ड्यूटी लगाई गई थी. इसके साथ ही आशा कार्यकर्ताओं, एएनएम और सीएचओ को मैदानी स्तर पर गर्भवती महिलाओं को प्रेरित कर अस्पताल लाने की जिम्मेदारी सौंपी गई थी. जिसका असर शिविरों में उमड़ी भीड़ के रूप में देखने को मिला.

गर्भावस्था में क्यों जरूरी है हर माह जांच? जिला अस्पताल में आयोजित जांच शिविर की प्रभारी डॉ. प्रतिभा वशिष्ठ ने गर्भावस्था के दौरान जांचों के महत्व पर प्रकाश डाला. उन्होंने बताया कि नियमित जांचों से गर्भ में पल रहे बच्चे की शारीरिक वृद्धि और उसकी स्थिति का समय पर पता चलता रहता है. हीमोग्लोबिन की समय-समय पर जांच होने से महिला में खून की कमी, एनीमिया को रोका जा सकता है जो प्रसव के समय बेहद खतरनाक साबित हो सकती है.

यदि गर्भावस्था में कोई जटिलता है, तो प्रति माह की जाने वाली जांचों से उसे शुरुआती चरणों में ही पकड़कर ठीक किया जा सकता है . नरसिंहगढ़, ब्यावरा, राजगढ़ और खिलचीपुर के स्वास्थ्य केंद्रों पर शिविर की व्यवस्थाएं संतोषजनक थीं . और सभी केंद्रों पर गर्भवती महिलाओं के लिए बेहतर बैठक व्यवस्था की गई थी . कूलर-पंखा, शुद्ध पेयजल और पौष्टिक स्वल्पाहार के इंतजाम किए गए थे . मैदानी अमले के मोबिलाइजेशन के कारण ही इतनी बड़ी संख्या में महिलाएं जांच के लिए आगे आई .

डॉ . शोभा पटेल,
सीएमएचओ, राजगढ़